**Obituary References**

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुःख के साथ अपने पांच पूर्व साथियों के निधन के बारे में सभा को सूचित करना है ।

**श्री प्रभात सामंतराय** ओडिशा के केन्द्रपाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से बारहवीं और तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे । इससे पहले श्री सामंतराय राज्य सभा के सदस्य भी थे ।

उन्होंने रेल संबंधी समिति, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, उद्योग संबंधी समिति, लोक लेखा समिति, मानव संसाधन विकास संबंधी समिति और सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं ।श्री प्रभात सामंतराय का निधन 17 अक्तूबर, 2024 को 74 वर्ष की आयु में भुवनेश्वर में हुआ ।

**डॉ. के. मलयसामी** तमिलनाडु के रामनाथपुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे । डॉ. मलयसामी राज्य सभा के सदस्य भी थे । उन्होंने संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना संबंधी समिति, उद्योग संबंधी समिति और याचिका समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं । डॉ. के. मलयसामी का निधन 06 नवम्बर, 2024 को 87 वर्ष की आयु में चेन्नई में हुआ । **श्रीमती मनोरमा सिंह** बिहार के बांका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से आठवीं लोक सभा की सदस्य थीं ।उन्होंने आवास समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं ।श्रीमती मनोरमा सिंह का निधन 08 दिसम्बर, 2024 को 86 वर्ष की आयु में पटना में हुआ ।

**श्री एस.एम. कृष्णा** जी कर्नाटक के मान्ड्या संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी, पांचवीं और सातवीं लोक सभा के सदस्य रहे । उन्होंने 2 कार्यकालों के लिए राज्य सभा के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं ।

श्री एस. एम. कृष्णा जी केन्द्रीय विदेश मंत्री रहे तथा उन्होंने केन्द्रीय उद्योग और वित्त राज्य मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं । उन्होंने महाराष्ट्र के राज्यपाल और कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभाला । उन्होंने कर्नाटक सरकार में उप-मुख्यमंत्री और मंत्री के रूप में भी कार्य किया । श्री एस. एम. कृष्णा जी ने कर्नाटक विधान सभा में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दीं तथा वे 4 कार्यकाल के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्य रहे । वे विधान परिषद के सदस्य भी रहे । लोक सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। श्री एस.एम. कृष्णा जी का निधन 10 दिसम्बर, 2024 को 92 वर्ष की आयु में कर्नाटक के बेंगलुरु में हुआ ।

**श्री एरा मोहन** तमिलनाडु के कोयम्बटूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के सदस्य रहे । श्री मोहन ने प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं । वे तमिलनाडु

विधान सभा के भी सदस्य रहे । श्री एरा मोहन का निधन 10 दिसम्बर, 2024 को 81 वर्ष की आयु में कोयम्बटूर में हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी ।

**11.04 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*

**माननीय अध्यक्ष :** ओम शांति ।

?(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मेरा माननीय सदस्यों से आग्रह है कि निधन संबंधी उल्लेख के समय आपस में चर्चा नहीं करें, बातचीत नहीं करें और टिप्पणी नहीं करें । इसका सब लोग ध्यान रखेंगे । ऐसी मेरी सदन से अपेक्षा है ।

---

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर 2 ? महासचिव ।

**11.05 hrs**